प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 26.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भू विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वैज्ञानिकों और टीमों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रीय भू–विज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान किए। इन 12 पुरस्कारों में 9 व्यक्तिगत और 3 पुरस्कार शामिल है। समारोह में कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी भी शामिल हुए।

0000

भारतीय वायुसेना ने आज चंडीगढ़ में मिग–21 विमान को विदाई दी। इस अवसर पर आयोजित समारोह में छह दशक की सेवा के बाद इस विमान के युग का अंत हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस विमान को सेवामुक्त किया गया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बादल 3 नाम से स्क्वाड्रन की अंतिम उड़ान भरी। इस विमान को 1960 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था। दिलबाग सिंह ने चंडीगढ़ में पहले मिग–21 स्क्वाड्रन का नेतृत्व किया था। वे 1981 में वायु सेना प्रमुख बने थे।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज हैदराबाद प्रवास पर है। श्री शर्मा प्रवासी राजस्थानी मीट में शामिल हो रहे है। उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नाई भी कार्यक्रम में मौजूद है। मुख्यमत्री अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान आईटी और फार्मा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश पर विस्तृत चर्चा करेंगे। श्री शर्मा प्रमुख समाजसेवियों और भामाशाहों के साथ संवाद भी करेंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार 10 दिसंबर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस से पहले देश–विदेश में प्रवासी राजस्थानी मीट का आयोजन कर रही है। इसी कडी में मुख्यमंत्री का हैदराबाद प्रवास का कार्यक्रम है।

0000

प्रदेश में स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोडने के लिए चलाये गये गिवअप अभियान में भीलवाडा जिला अव्वल रहा हैं। जिले में एक लाख 70 हजार से ज्यादा लोगों ने ये सुविधा छोडी है। भीलवाडा जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि जिले के करीब 2 लाख 20 हजार लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल किया गया हैं।

0000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भिवाड़ी टीम ने कल महिला प्रवर्तन निरीक्षक पूनम के दलाल रिंकु को तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी कि प्रवर्तन निरीक्षक ने दुकान का लाइसेंस निलंबित कर कार्रवाई करने की धमकी दी थी। इसके बाद दलाल की ओर से लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस पर एसीबी ने मौके पर ट्रेप कार्रवाई को अंजाम दिया।

**0000**

करौली जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 115 स्थानों पर वायरलेस सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे है। लाडली सुरक्षा योजना के तहत की गई इस पहल से सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण बनाने की दिशा में मदद मिलेगी।

....

0000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से शिल्पकार प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। इस आर्ट और काफ्ट एग्जीबिशन में प्रदेश के 12 शिल्पकारों की कला का प्रदर्शन किया जायेगा। ये प्रदर्शनी तीन दिन तक चलेगी। इस दौरान कला–प्रेमियों को इन शिल्पकारों से सीधा संवाद करने का भी अवसर मिलेगा।

0000

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। ये मैच रविवार को दुबई में खेला जायेगा। वहीं कल खेले गये सुपर फोर मुकाबले के निर्णायक मैच में

पाकिस्तान की टीम ने बांग्लादेश को 11 रनों से हराया। एक अन्य सुपर फोर मुकाबले में आज रात 8 बजे से भारत और श्रीलंका की टीमे आमने—सामने होगी। इस मैच के नतीजे का फाइनल पर कोई असर नहीं पडेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 सितम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल—फ्री नंबर 1800—11—7800 पर भेजे जा सकते हैं।

0000